

# राज्यपाल सचिवालय, बिहार
(जन–सम्पर्क शाखा)
**राजभवन, पटना–800022**

*संख्या–57/2025*

## प्रेस–विज्ञप्ति

## राजभवन में गोवा, सिक्किम एवं तेलंगाना दिवस का आयोजन किया गया

**पटना, 02 जून, 2025 :–** माननीय राज्यपाल श्री आरिफ मोहम्मद खां ने राजभवन, बिहार के दरबार हॉल में 'एक भारत, श्रेष्ठ भारत' के तहत गोवा, सिक्किम एवं तेलंगाना राज्य के स्थापना दिवस के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में भाग लिया तथा इन राज्यों के निवासियों को हार्दिक बधाई और शुभकामनाएँ दी एवं प्रगति और समृद्धि की कामना की।

इस अवसर पर उन्होंने कहा कि हमारी एकता में ही भारत की श्रेष्ठता है। हममें बहुधा से एकता को मजबूत करने की क्षमता है और यही हमारी एकता की विशेषता है। भारत ने इसे कला के रूप में विकसित किया है। उन्होंने कहा कि प्रकृति ने भारत को हिमालय से लेकर समुद्र तक एक इकाई के रूप में रचना की है।

राज्यपाल ने कहा कि भारत राजनीतिक रूप से विभाजित रहने पर भी आध्यात्मिक एवं सांस्कृतिक रूप से एक था। आदिकाल से हमने अनेकता और बहुधा को स्वीकार किया है। विभिन्न पृष्ठभूमि से आनेवाले लोगों का सम्मान और स्वीकार्यता का भाव ही बहुधा है। हमारी मान्यता है कि सब को सत्य की एक ही व्याख्या को स्वीकार करने के लिए मजबूर नहीं किया जाना चाहिए।

उन्होंने कहा कि विगत लगभग 200 वर्षों से दुनिया में बहुधा को स्वीकार करने की प्रवृत्ति आई है, परन्तु भारत में हजारों वर्षों से यह विशेषता विद्यमान है। विविधता ने हमें कभी असहज नहीं किया। प्रकृति का नियम विविधता है और हमने इसे बुनियादी सिद्धांत के रूप में अपनाया है। भारत दुनिया का पहला देश है जहाँ हमारे ऋषियों ने बहुधा के सिद्धांत को कानून के रूप में रखा। हमारे लिए देश का मतलब भूमि का एक टुकड़ा नहीं है, बल्कि हम इसके सभी चीजों से प्यार करते हैं।

राज्यपाल ने कहा कि हमारी संस्कृति रंग, भाषा, लिंग आदि से नहीं, बल्कि आत्मा से परिभाषित होती है। अलग–अलग भाषा, बोली, रंग, वेशभूषा आदि के बावजूद भी हम एक हैं। हमने वर्ष 2047 तक भारत को एक विकसित राष्ट्र बनाने का लक्ष्य रखा है और उस दिशा में हम निरंतर अग्रसर हैं। आज भारत विश्व की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन चुका है।

आगे पृष्ठ....2 पर

राज्यपाल ने कार्यक्रम में भारतमाता के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की। कार्यक्रम में गोवा के माननीय राज्यपाल श्री पी०एस० श्रीधरन पिल्लई एवं तेलंगाना के माननीय राज्यपाल श्री जिष्णु देव वर्मा के वीडियो संदेश का प्रसारण किया गया। इस अवसर पर इन राज्यों की संस्कृति पर आधारित रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन भी किया गया।

कार्यक्रम को पशु एवं मत्स्य संसाधन विभाग की अपर मुख्य सचिव डॉ० एन० विजयलक्ष्मी, बी०एस०ए०पी०, पटना के अपर पुलिस महानिदेशक श्री एम०आर० नाईक तथा निदेशक, जनगणना कार्य, श्री एम रामचन्द्रुडु ने भी संबोधित किया। इस अवसर पर राज्यपाल के प्रधान सचिव श्री रॉबर्ट एल० चोंग्थू, पटना विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो० अजय कुमार सिंह, बिहार में रहकर पढ़ाई करनेवाले गोवा, सिक्किम एवं तेलंगाना के छात्र–छात्राएँ, इन राज्यों के अन्य महानुभाव, राज्यपाल सचिवालय के पदाधिकारीगण व कर्मीगण तथा अन्य लोग उपस्थित थे।

..........................................